>

Title: Need to undertake repair of National Highways from Ankleshwar to Maharashtra border and Netrang to Rajpipla - laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): गुजरात में मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंतर्गत अंकलेश्वर से लेकर नेतरंग, डेडियापाड़ा, सागबारा तथा महाराष्ट्र बॉर्डर तक नेशनल हाइवे बिल्कुल टूट गया है । मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा गुजरात के भारी वाहन इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं । राष्ट्रीय राजमार्ग वाली सड़क बिल्कुल टूट जाने की वजह से लोगों को भारी तकलीफ उठानी पड़ती है । वैसे तो मरम्मत का काम चलता रहता है परंतु ठीक तरह से मरम्मत नहीं हो पाती है ।

इसी तरह नेतरंग से राजपीपला तक नेशनल हाइवे छह-सात साल पहले बना था परंतु यह मार्ग भी टूट गया है । इस मार्ग पर ज्यादातर महाराष्ट्र तथा साउथ गुजरात के प्रवासी लोग सरदार सरोवर में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के दर्शन करने हेतु आते रहते हैं ।

अतः उपरोक्त राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि उक्त मार्गों की मरम्मत की जगह स्थायी रूप से अच्छा रोड बनाया जाए ।